कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने जेल में बंद कैदियों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और प्रदेश की जेलों में आशा के अनुरूप कैदियों ने प्रवेश लिये हैं। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कोरोना काल में ऐसे शिक्षार्थी जिनके माता.पिता एवं अभिभावक का देहावसान इस महामारी के कारण हुआ, ऐसे नवप्रवेशित शिक्षार्थियों एवं पूर्व से अध्ययनरत शिक्षार्थियों को दो सत्र हेतु निःशुल्क प्रवेश देने की व्यवस्था की है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालयने पीएचडी रेगुलेशन 2018 के अंतर्गत प्रवेश कार्य प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से Ph.D.कार्यक्रम पूर्ण कर चुके शिक्षार्थियों की थीसिस को शोधगंगा की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से शैक्षिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के उपरांत छात्र सरकारी विभागों में सेवायोजित हो रहे हैं। प्रतिदिन कई विभागों से छात्रों के अंकपत्र सत्यापन हेतु विश्वविद्यालय को भेजे जा रहे हैं। यह विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि शिक्षार्थी सहायता सेवा एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेशभर के छात्रों का मार्गदर्शन करने के साथ ही विभिन्न शिकायतों का ऑनलाइन निस्तारण का कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के पास डिग्री पहुंचाने का कार्य द्रुतगति से कर रहा है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने डिजीलॉकर में 50 हजार डिग्रियों को अपलोड किया है। पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत ई टेंडरिंग तथा जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय की व्यवस्था लागू की गई है।

# सर्टिफिकेट वितरण












*अध्ययन केन्द्र समन्वयको को सर्टिफिकेट देती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी*




*धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अयोध्या क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ0 शशि भूषण राम त्रिपाठी*





*राष्ट्रगान*

# कार्यशाला की कुछ अन्य झलकियां



















मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
मुक्त चिन्तन
12 अक्टूबर, 2021




## क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्यों एवं समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित





*दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर के अन्तर्गत आने वालो अध्ययन केन्द्रों, के प्राचार्यों एवं समन्वयकों की **''मुक्त शिक्षा की प्रासंगिकता : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में''** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 12 अक्टूबर 2021 को गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर की प्राचार्या डॉ0 पूनम शुक्ला, व्यवस्थापक श्री आशुतोष मिश्रा, एवं उप प्राचार्या डॉ0 प्रियंका त्रिपाठी उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह, गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक प्रो0 पी0पी0 दुबे, लेखाकार, श्री अवनीश चन्द्रा, तकनीकी अधिकारी, धीरज रावत, सहायक लेखाकार श्री मोहितोष कुमार, कुलपति सचिवालय से श्री इन्दुभूषण पाण्डेय तथा गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों से पधारे अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकगणों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला का संचालन तथा अतिथियों का परिचय डॉ0 संजीत कुमार गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक, श्री प्रवीण कुमार द्वारा किया गया।






*कार्यक्रम संचालन तथा अतिथियों का परिचय देते हुए डॉ0 संजीत कुमार गुप्ता तथा मंचासीन मा0 अतिथिगण।*

कार्यक्रम का प्रारम्भ निम्नलिखित चरणों में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम माननीया कुलपति जी के क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर में आगमन पर गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक श्री प्रवीन कुमार द्वारा तथा विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात माननीया कुलपति महोदया एवं अन्य अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर आने हेतु सादर आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम माननीया कुलपति महोदया, परीक्षा नियंत्रक एवं प्रभारी क्षेत्रीय केन्द्र निदेशक के द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात सभी सम्मानित अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के उपरान्त गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक प्रो0 पी0पी0 दुबे द्वारा माननीया कुलपति महोदया एवं कार्यशाला में आये सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये हुए उनके परिचय को सभागार में उपस्थित सभी द्वारा के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। प्रो0 पी0पी0दूबे द्वारा विश्वविद्यालय एक दृष्टि के साथ ही माननीया कुलपति महोदया द्वारा छः माह के कार्यकाल का विस्तृत विवरण भी गोरखपुर परिक्षेत्र के सभी सम्मानित शिक्षकों, पत्रकारबंधु एवं छात्र छात्राओं के सम्मुख अभिव्यक्त किया गया।















*स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत करती हुई गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर की छात्रायें एवं सभागार में उपस्थित अध्ययन केन्द्रों के प्रायार्य एवं समन्वयकगण*

# अतिथि सम्मान









माननीया कुलपति प्रो० सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत करते हुए अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकगण।



माननीया कुलपति प्रो० सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत करती हुई गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर की प्राचार्या डॉ० पूनम शुक्ला एवं उप प्राचार्या डॉ० प्रियंका त्रिपाठी



सभागार में उपस्थित अध्ययन केंद्रों से पधारे अध्यन केंद्रों के प्राचार्य एवं समन्वयक











गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक प्रो0 पी0पी0 दुबे, परीक्षा नियंत्राक श्री डी.पी. सिंह, गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर की प्राचार्या डॉ0 पूनम शुक्ला, व्यवस्थापक श्री आशुतोष मिश्रा एवं गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक, श्री प्रवीण कुमार को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागात करते हुए अध्ययन केन्द्र के समन्वयकगण







लेखाकार, श्री अवनीश चन्द्रा, तकनीकी अधिकारी, धीरज रावत, सहायक लेखाकार श्री मोहितोष कुमार को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी।

## पुस्तक विमोचन




विश्वविद्यालय के सीका द्वारा तैयार की गई पुस्तक **शिक्षार्थी सहायता केन्द्रो (नवीन अध्ययन केन्द्रों) की स्थापना के लिए दिशा निर्देश** का विमोचन करते हुए मा0 अतिथिगण



**प्रो0 पी0पी0 दुबे**




*कार्यशाला के बारे में तथा विश्वविद्यालय एक दृष्टि के साथ ही माननीया कुलपति महोदया द्वारा छः माह के कार्यकाल का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कुलसचिव एवं अयोध्या क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक प्रो0 पी0पी0दुबे*

## श्री आशुतोष मिश्रा




कार्यशला में अपने विचार व्यक्त करते हुए गंगोत्री देवी महिला महाविद्यालय, गोरखपुर के व्यवस्थापक श्री आशुतोष मिश्रा





# परिचर्चा

परिचर्चा सत्र के विषय के रूप में प्रवेश, पाठ्य सामग्री, परामर्श परीक्षा एवं वित्त पर अध्ययन केन्द्र समन्वयकों से उनके केन्द्र पर आने वाली समस्याओं एवं इन सभी कमियों को कैसे सरलता के साथ निस्तारित किया जा सके। इसके लिए उनसे सुझाव भी मांगे गए। इस परिचर्चा सत्र में अध्ययन केन्द्र समन्वयकों द्वारा उठाए गए बिन्दुओं पर प्रवेश परामर्श एवं पाठ्य सामग्री का निराकरण गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक प्रो0 पी0पी0 दुबे के द्वारा किया गया तथा परीक्षा संबंधी समस्याओं का निराकरण परीक्षा नियंत्रक श्री डी0पी0 सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ ही वित्त से संबंधित समस्याओं का निदान लेखाकार श्री अवनीश चन्द्रा द्वारा किया गया। परिचर्चा सत्र के दौरान गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र पर माननीया कुलपति महोदया के प्रथम आगमन पर सभागार में उपस्थित सभी विद्वानों ने पूरे जोश के साथ उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा माननीया कुलपति महोदया के प्रति विश्वास व्यक्त किया कि आपके कार्यकाल में यह विश्वविद्यालय एक नवीन एवं नूतन आयाम को स्थापित कर सकेगा।






*अपनी समस्या एवं सुझाव देते हुए समन्वयकगण*




परीक्षा से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करते हुए परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह जी





प्रवेश परामर्श एवं पाठ्य सामग्री से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करते हुए गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक प्रो0 पी0पी0 दुबे







ऑन लाइन प्रवेश से सम्बन्धित एवं वित्त से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करते हुए तकनीकी अधिकारी, धीरज रावत एवं लेखाकार श्री अवननीश चन्द्रा

मुक्त चिन्तन

# अध्यक्षीय उद्बोधन

## कोरोना से अभिभावक को खोने वालों की फीस माफ – कुलपति





प्रो0 सीमा सिंह जी



## अध्ययन केन्द्र समन्वयक उच्च शिक्षा में नामांकन को बढ़ाने के लिए एक सशक्त माध्यम है।

माननीया कुलपति **प्रो० सीमा सिंह जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबको विश्वास दिलाया कि आपकी समस्याओं का निदान** यथाशीघ्र **किया** जायेगा। माननीया कुलपति महोदया **जी ने** दूरस्थ शिक्षा के लचीली **पद्धति** विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों की **प्रासंगिकता** एवं पाठय **सामग्री की** गुणवत्ता **इत्यादि** बिन्दुओं पर **व्यापक प्रकाश** डाला। आपने अध्ययन केन्द्र समन्वयकों का आवाह्न **किया कि** उच्च शिक्षा **में नामांकन** को **बढ़ाने के लिए आप सभी एक सशक्त माध्यम हैं। अतः समाज का हर वर्ग जो** उच्च **शिक्षा की आकांक्षा रखता हो उसके लिए** दूरस्थ शिक्षा **एक उपयोगी माध्यम है।** आपके स्तर से ही इसे समाज के हर वर्ग को बताने एवं जागरूक करने की आवश्कता है। अतः सभी अध्ययन केन्द्र समन्वयक, **छात्रों को अधिकाधिक प्रवेश हेतु प्रेरित करें।**

## विश्वविद्यालय ने इसी सत्र से डिजिटल लिटरेसी एवं ऑस्टिम (स्वालीनता) पर प्रमाण पत्र कार्यक्रम शुरू किया है।





प्रो0 सीमा सिंह जी

प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज ने गुणवत्ता सुनिश्चियन हेतु प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्यवाही हेतु विश्वविद्यालय चार्टर का क्रियान्वयन किया है। कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट को स्टूडेन्ट फ्रेन्डली बनाया गया है। शिक्षार्थी सहायता सेवा के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शिक्षार्थियों का कोना (स्टुडेन्ट कार्नर) निर्धारित किया गया है जिसमें हर तरह की जानकारियां उपलब्ध है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देते हुये सभी विषयों की वीडियो क्लासेज को ऑनलाइन किया है। लोकप्रिय विषयों की ऑडियो वीडियो रिकार्डिंग का कार्य लगातार चल रहा है। विश्वविद्यालय ने महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना करके ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के द्वारा स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाया है। इसके साथ ही क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ पर परिवार परामर्श केन्द्र की स्थापना की गई है।

कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (CIQA) द्वारा छात्रों की सहायता हेतु (FAQS) पुस्तिका तैयार की गयी है। इस पुस्तिका में अक्सर पूंछे जाने वाले लगभग 200 प्रश्नों को समाहित किया गया है। जिनमें कोर्स अप्रूवल से लेकर प्रवेश स्टडी मैटेरियल असाइनमेन्टस, काउन्सिलिंग, क्रेडिट सिस्टम, परीक्षा, प्रोजेक्ट कार्य, प्लेसमेन्ट, विश्वविद्यालय कैम्पस तथा सूचना के स्रोत आदि विषयों को प्रमुखता से रखा गया है। छात्रों की सुविधा के लिए इस पुस्तिका को विश्वविद्यालय की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लूडॉटयूपीआरटीओयूडॉटएसीडॉटइन पर ऑनलाइन कर दिया गया है। छात्रों के मन में उठने वाले अधिकांश प्रश्नों का जवाब इस पुस्तिका में दिया गया है। यह पुस्तिका विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले प्रदेश के छात्र छात्राओं के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने जेल में बंद कैदियों को मुख्य धारा में वापस लाने के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए है और प्रदेश की जेलों में आशा के अनुरूप कैदियों ने प्रवेश लिये हैं। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कोरोना काल में ऐसे शिक्षार्थी जिनके माता पिता एवं अभिभावक का देहावसान इस महामारी के कारण हुआ, ऐसे नवप्रवेशित शिक्षार्थियों एवं पूर्व से अध्ययनरत शिक्षार्थियों को दो सत्र हेतु निःशुल्क प्रवेश देने की व्यवस्था की है। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने पीएचडी रेग्यूलेशन 2018 के अन्तर्गत प्रवेश कार्य प्रारम्भ कर दिया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से पीएचडी कार्यक्रम पूर्ण कर चुके शिक्षार्थियों की थीसिस को शोधगंगा की बेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से शैक्षिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के उपरान्त छात्र सरकारी विभागों में सेवायोजित हो रहे है। प्रतिदिन कई विभागों से छात्रों के अंकपत्र सत्यापन हेतु विश्वविद्यालय को भेजे जा रहे हैं। यह विश्वविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि शिक्षार्थी सहायता सेवा एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेश भर के छात्रों का मार्गदर्शन करने के साथ ही विभिन्न शिकायतों का ऑनलाइन निस्तारण का कार्य प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के पास डिग्री पहुंचाने का कार्य द्रुतगति से कर रहा है इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने डिजीलॉकर में 50 हजार डिग्रियों को अपलोड किया है। पारदर्शी व्यवस्था के अन्तर्गत ई–टेंडरिंग तथा जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय की व्यवस्था लागू की गई है।

# सर्टिफिकेट वितरण





अध्ययन केन्द्र समन्वयको को सर्टिफिकेट देती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी







धन्यवाद ज्ञापन करते हुए गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक, श्री प्रवीण कुमार






राष्ट्रगान

# कार्यशाला की कुछ अन्य झलकियां
















# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

मुक्त चिन्तन

13 अक्टूबर,




*माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्य नाथ जी से शिष्टाचार भेंट करती हुई कुलपति प्रो0 सीमा सिंह*

माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्य नाथ जी से उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने दिनांक 13 अक्टूबर, 2021 को उनके आवास गोरखपुर में शिष्टाचार भेंट की तथा विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं एवं छात्र में किये जा रहे कार्यो से माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया।

News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj





मुक्त चिन्तन

13 अक्टूबर, 2021


## क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर का माननीया कुलपति ने किया निरीक्षण



उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर का दिनांक 13 अक्टूबर, 2021 को विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो० सीमा सिंह जी ने निरीक्षण किया। इससे पूर्व पहली बार के गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय पर पहुॅचने पर क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक श्री प्रवीन कुमार ने माननीया कुलपति जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किये।





*माननीया कुलपति जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक श्री प्रवीन कुमार*

माननीय कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण करके प्रवेश की स्थिति और परीक्षा की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रीय कार्यालय एक आदर्श केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित करे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय केंद्र तक आने वाले सभी छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने कहा हमारे विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली शिक्षार्थी केंद्रित है। अतः सर्वप्रथम शिक्षार्थियों के पठन-पाठन से संबंधित सभी आवश्यकताएं यथासंभव समय से पूर्ण किए जाएं। शिक्षार्थी के समस्या का समाधान स्थल पर ही निस्तारित किया जाए। शिक्षार्थियों की सभी समस्याओं का निदान अविलंब किया जाए। शिक्षार्थी ही देश के भविष्य हैं, यह एक अच्छे संदेश वाहक भी हैं, यदि इनके साथ आप सहृदयता दिखाते हुए उनका कार्य समय पर पूर्ण करेंगे तो निसंदेह समाज में एक अच्छा संदेश प्रचारित एवं प्रसारित होगा। प्रवेश के संबंध में कहा कि इसकी सूचना क्षेत्रीय कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाएं एवं दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से प्रवेश के संबंध में सूचना प्रचारित एवं प्रसारित किया जाए। आवश्यकतानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर प्रवेश हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जाए।

# प्रयागराज
## बयार बदलाव की



**केशव प्रसाद मौर्य**
माननीय उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

— उद्घाटन समय: —
प्रात: 10:00 बजे



**सिद्धार्थनाथ सिंह**
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निवेश व निर्यात, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री एवं प्रवक्ता उ.प्र. सरकार

— समापन : —
सायं: 4.00 बजे

— दिनांक: —
शनिवार, 16 अक्टूबर 2021

— स्थान: —
**होटल मिलेनियम इन**
हेस्टिंग रोड, न्याय मार्ग,
निकट हाईकोर्ट, सिविल लाइन्स,
प्रयागराज

*प्रवेश सिर्फ आमंत्रण द्वारा

दैनिक जागरण

## जागरण विमर्श

उद्घाटन सत्र (10:00 – 10:45 बजे)
**केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा उद्घाटन एवं संबोधन**

प्रथम सत्र (11:00 – 11:45 बजे)
**शिक्षा का केंद्र: कल, आज और कल**
पं. केशरीनाथ त्रिपाठी, पूर्व राज्यपाल पश्चिम बंगाल
गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा परिषद
प्रो. सीमा सिंह, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय
बद्रीनारायण, निदेशक जीबी पंत संस्थान

दूसरा सत्र (11:45 – 12:30 बजे)
**स्वास्थ्य का बुनियादी ढांचा कितना सुधरा, कितना बाकी**
हर्षवर्धन बाजपेई, विधायक शहर उत्तरी
पद्मश्री डा. बी.पॉल, कैंसर रोग विशेषज्ञ
डा. एसपी सिंह, प्राचार्य मेडिकल कालेज
डा. प्रभाकर राय, अपर निदेशक स्वास्थ्य

तीसरा सत्र (12:30 – 01:15 बजे)
**उद्योग–कारोबार की स्थिति और संभावनाएं**
अनुग्रह नारायण सिंह, पूर्व विधायक कांग्रेस
विनय कुमार टंडन, अध्यक्ष, चेम्बर आफ कामर्स
डा. पवन जायसवाल, कास्ट एकाउटेन्ट

मध्यान्ह भोजन (01:15 – 01:45 बजे)

चौथा सत्र (01:45 – 02:30 बजे)
**संवाद**
**डा. रीता बहुगुणा जोशी**, सांसद, इलाहाबाद
**केशरी देवी पटेल**, सांसद, फूलपुर
**नंद गोपाल गुप्ता नंदी**, नागरिक उड्डयन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री, उ.प्र. सरकार

पांचवां सत्र (02:30 – 03:15 बजे)
**साहित्य के क्षेत्र में प्रयागराज का योगदान**
डा. उदय प्रताप सिंह, अध्यक्ष, हिंदुस्तानी एकेडमी
प्रो. मुश्ताक अली, पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय
डा. श्लेष गौतम, साहित्यकार
यश मालवीय, सहित्यकार

छठां सत्र (03:15 – 04:00 बजे)
**संगम, पर्यटन और आशाएं**
अभिलाषा गुप्ता नंदी, महापौर
संजय गोयल, मण्डलायुक्त
संजय खत्री, जिलाधिकारी
सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, एसएसपी

समापन सत्र (04:00 बजे)
**सिद्धार्थनाथ सिंह**, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, निवेश व निर्यात, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री एवं प्रवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार

दैनिक जागरण

कोरोना से जुड़े दिशानिर्देशों का पालन करें। मास्क पहनना अनिवार्य है।

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम न पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ — माह :




मुक्त चिन्तन

21 अक्टुबर, 2021

## मुक्त विश्वविद्यालय में "राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० व पुनर्वास : मुद्दे व समाधान विषय पर सतत पुनर्वास शैक्षिक कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं सत्र का आयोजन

| Patron - | | Chief Guest- | |
|---|---|---|---|
|  | Prof. Seema Singh<br>Hon'ble<br>Vice Chancellor,<br>UPRTOU, Prayagraj |  | **Prof. Amitav Mishra**<br>(School of Education),<br>**Indira Gandhi National Open University,** |
| *Key Note Speaker-* | | *CRE Programme Director-* | |
|  | **Prof. Rajani Ranjan Singh**<br>**Professor & Head**<br>Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow |  | Prof. P.K.Pandey<br>Director (Incharge)<br>(School of Education)<br>UPRTOU, Prayagraj |

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्याशाखा के तत्वावधान में भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित दो दिवसीय सतत् पुनर्वास शैक्षिक कार्यक्रम विषय **"राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व पुनर्वास : मुद्दे व समाधान** पर दिनांक 21.10.2021 को शुभारम्भ किया गया। जिसमें भारत के 27 राज्यों से 100 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता प्रो0 रजनी रंजन सिंह, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ व मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 अमिताभ मिश्रा, इग्नू नई दिल्ली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति महोदया प्रो0 सीमा सिंह ने की। सम्मानित अतिथियों का स्वागत प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रभारी निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा द्वारा किया गया।



**Dr. Neeta Mishra**
(School of Education)
UPRTOU, Prayagraj

CRE Program Co-coordinator | CRE Program Co-coordinator



**Shri. Rajmani Pal**
(School of Education)
UPRTOU, Prayagraj



**Shri. Parvind Kumar Verma**
(School of Education)
UPRTOU, Prayagraj

कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन डॉ0 नीता मिश्रा द्वारा किया गया। सम्मानित मुख्य वक्ता का परिचय श्रीमती सुषमा सिंह तथा मुख्य अतिथि का परिचय श्री परविन्द कुमार वर्मा एवं माननीय कुलपति जी का परिचय श्री राजमणि पाल द्वारा दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन श्री अभिनय कुमार सिंह ने किया। एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ0 संजय सिंह द्वारा किया गया



सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रभारी निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा





*कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन करती हुईडॉ0 नीता मिश्रा*

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को समझने से पहले हमें राष्ट्रीयता को समझना होगा : प्रो0 रजनी रंजन



**प्रो0 रजनी रंजन सिंह**

बतौर मुख्य वक्ता प्रो0 रजनी रंजन सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को समझने से पहले हमें राष्ट्रीयता को समझना होगा। शिक्षा का कार्य केवल व्यक्तित्व का निर्माण करना ही नहीं बल्कि ज्ञान से देश व समाज को भी विकसित करना है। चूंकि राष्ट्र को समझना एक गम्भीर अवधारणा है। फिर भी जीवन दृष्टि से राष्ट्र निर्माण में जनता की भागीदार सुनिश्चित करने में शिक्षा एक सफल साधन है। पूर्व की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में Education to all की बात की गयी है। लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में Learning to all की बात की गयी है।







# शिक्षा के मौलिक बिन्दुओं पर ध्यान आकर्शित करने की आवश्यकता है – प्रो0 अमिताभ



प्रो0 अमिताभ मिश्रा

मुख्य अतिथि के रूप में प्रो0 अमिताभ मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुनर्वास में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। यदि सभी बच्चों के जीवन में गुणवत्तापूर्ण परिवर्तन करना है तो शिक्षा को ही हमें हथियार बनाना होगा। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति, व्यक्ति के माध्यम से समाज, समाज के माध्यम से देश समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। निरन्तर आपने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को दृष्टिगत करते हुये अपने वक्तव्य में बताया कि हमें आज शिक्षा के मौलिक बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है। तथा शैक्षणिक प्रक्रियाओं में अधिगम हेतु सार्वभौमिक पाठ्यक्रम को और सुदृढ करना होगा एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया में परख को सक्रिय रूप से क्रियान्वित करने पर ध्यान देना होगा। तथा सामान्य बच्चों व दिव्यांग बच्चों, बहुविकलांग बच्चों के लिये विकास हेतु Cross Disability की प्रक्रिया को बढ़ावा देना होगा।










माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह

# दिव्यांगता के बच्चों हेतु उनके आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण–प्रशिक्षण की आवश्यकता है : प्रो0 सीमा सिंह

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये माननीया कुलपति महोदया प्रो0 सीमा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुनर्वास से पुनःसंरक्षण की ओर बढ़ना होगा तभी सभी बच्चों का विकास संभव हो पायेगा। तथा समावेशी शिक्षा को सुगम्य बनाना होगा तथा शिक्षण प्रक्रिया को भी लचीला करना होगा तथा इस बात पर भी जोर देना होगा कि कहीं भी दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु सभी के समावेशी सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद तथा राष्ट्रीय पुनर्वास परिषद की आपसी समन्वय की पूरजोर आवश्यकता है। तथा सम्मानित वक्ताओं के उदबोधन को सारगर्भित करते हुये बोलीं कि समाज में विद्यमान विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता के बच्चों हेतु उनके आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण–प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में प्रकाशित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का क्रियान्वयन यथाशीघ्र कर दिया जाय तो निश्चित रूप से समाज से वंचित बच्चों का विकास संभव हो पायेगा।

कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात छः तकनीकी सत्रों में छः विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये यथा डॉ0 मृत्युजंय मिश्रा, एसो0प्रोफेसर एवं हेड डिपार्टमेन्ट आफ हियरिंग इम्पेयरमेन्ट, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ ने विषय– NEP-2020 : Features and Prospects Act CWSN पर, डॉ0 आलोकन उपाध्याय, संकाय प्रमुख, ए0आई0आई0एस0एच0 मैसूर ने विषय– NEP-2020 : Features Road Map for Special Education in Inclusion, श्री राजमणि पाल, शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने विषय– Act and Policies in Special Education for Rehabilitation of CWSN, श्री अभिनय कुमार सिंह शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने विषय– NEP-2020 : Strengthen and issues for CWSN, श्री कमलाकांत पाण्डेय, U.P. Institute Teacher Tanning ने विषय– Empowering the specially- able towards an inclusive education, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने विषय–Inclusion and inclusive Education Role of Distance Education पर बच्चों के साथ संवाद स्थापित किये तथा बच्चों के जिज्ञासाओं को पूरित किये।

News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम न पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ          माह :

मुक्त चिन्तन          22 अक्टुबर, 2021

## मुक्त विश्वविद्यालय में

## “राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० व पुनर्वास : मुद्दे व समाधान विषय पर सतत पुनर्वास शैक्षिक कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं सत्र का आयोजन







# समापन समारोह

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्याशाखा के तत्वावधान में दो दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21–22 अक्टूबर 2021 को किया गया जिसका समापन समारोह 22 अक्टूबर 2021 को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो0 एच0सी0एस0 राठौर रहे। समारोह का शुभारम्भ प्रो0 पी0के0 पाण्डेय निदेशक,शिक्षा विद्याशाखा के स्वागत उदबोधन से हुआ उसके बाद डॉ0 नीता मिश्रा ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। अतिथि उदबोधन प्रो0 एस0सी0एस0 राठौर ने किया उसके बाद अध्यक्षीय उदबोधन प्रो0 सीमा सिंह माननीय कुलपति महोदया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ0 जी0के0 द्विवेदी सहायक आचार्य शिक्षा विद्याशाखा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद हुआ।



स्वागत उदबोधन देते हुए प्रो0 पी0के0 पाण्डेय निदेशक,शिक्षा विद्याशाखा

समापन समारोह सत्र में विभिन्न रिर्सोस पर्सन नें अपने विचार व्यक्त किये।



डॉ0 आर0एन0 शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, (विशिष्ट शिक्षा) बी0एच0यू0, वाराणसी ने बताया कि 1995 पी0एच0डी0 एक्ट की महती भूमिका रही आरपीडब्लूडी एक्ट 2016 के तहत नये दिव्यांगताओं को जोडना अत्यन्त सराहनीय कार्य रहा है। उन्होंने पार्टटाइम कक्षाओं की व्यवस्था, प्राइवेट और सरकारी संस्थाओं की सहभागिता के साथ कार्य करने पर अपने विचार व्यक्त किये।



डॉ0 संजय कुमार सिंह, शैक्षणिक परामर्शदाता (विशिष्ट शिक्षा), शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज ने नई शिक्षा नीति 2020 के स्कूल स्ट्रेक्चर 5 +3+3+4 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तथा बताया कि एम0फिल को इस नई शिक्षा नीति में समाप्त कर दिया गया।



डॉ0 नीता मिश्रा, शैक्षणिक परामर्शदाता (विशिष्ट शिक्षा), शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज ने अपने विचार व्यक्त किये।



श्रीमती सुषमा सिंह, शैक्षणिक परामर्शदाता (विशिष्ट शिक्षा), शिक्षा विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज ने अपने विचार व्यक्त किये।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समावेशी शिक्षा नीति : प्रो0 राठौर



प्रो0 एन0सी0एस0 राठौर

प्रो0 एन0सी0एस0 राठौर ने अपने व्याख्यान में बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 राष्ट्रहित में है पहली बार एक ऐसी शिक्षा नीति आयी है जो बहुआयामी है जो सभी वर्ग समूह वंचित समूह तक अपनी पहुंच बनाये रखा है प्रो0 राठौर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समावेशी शिक्षा नीति कहा प्रो0 राठौर ने यह भी कहा कि हर व्यक्ति मूलरूप में अलग अलग है सभी की क्षमता अलग अलग होती है अतः हम सभी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा प्रदान करे खासकर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के संदर्भ में तथा साथ साथ में उपयोगी शोध तथा गुणवत्ता परक शोध की ओर विशेष ध्यान देने को कहा वर्तमान में ऐसे शोध की प्रासंगिकता दी जाये जो व्यावहारात्मक प्रयोगात्मक तथा मानव समाज में उनकी उपयोगिता हो।






## शिक्षा में मूल्यांकन एवं पाठयक्रम दोनों का लचीला होना आवश्यक है : प्रो0 सीमा सिंह






मा0 कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह

मा0 कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह ने प्रो0 राठौर के व्याख्यान की सराहना करते हुये कहा कि व्याख्यान हमेशा व्यवहारिक होते है प्रो0 सीमा सिंह ने पुनर्वास को एक ऐसी प्रक्रिया बताया जो आपको दैनिक जीवन के लिये आवश्यक क्षमताओं को वापस पाने, बनाये रखने या सुधारने मं मदद कर सकती है। ये क्षमताएं शारीरिक मानसिक एवं संसाधात्मक हो सकती है तथा साथ ही साथ यह भी कहा कि शिक्षा में मूल्यांकन एवं पाठयक्रम दोनों का लचीला होना आवश्यक है।

*धन्यवाद ज्ञापन*

*देते हुए*

*सहायक आचार्य*

*शिक्षा विद्याशाखा,*

*डॉ0 जी0के0 द्विवेदी*



# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj




मुक्त चिन्तन

23 अक्टूबर, 2021




## क्षेत्रीय केन्द्र आजमगढ़ के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्यों एवं समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित





*राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन जी के चित्र पर माल्यार्पण करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र आजमगढ के अन्तर्गत आने वालो अध्ययन केन्द्रों, के प्राचार्यों एवं समन्वयकों की **''उच्च शिक्षा में मुक्त शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व''** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 23 अक्टूबर 2021 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र शिवली नेशनल पी.जी. कालेज, आजमगढ़ के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में शिवली नेशनल पी.जी. कालेज, आजमगढ़ के उप प्राचार्या डॉ0 मो0 ताहिर उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह, आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक डॉ0 संजय कुमार सिंह, लेखाकार, अवनीश चन्द्रा, तकनीकी अधिकारी, धीरज रावत, कुलपति सचिवालय से इन्दुभूषण पाण्डेय तथा आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों से पधारे अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकगणों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला का संचालन डॉ0 घनश्याम दुबे ने किया तथा अतिथियों का परिचय एवं स्वागत डॉ0 श्याम दत्त दुबे, क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक, आजमगढ़ ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक डॉ0 संजय कुमार सिंह द्वारा किया गया।




*कार्यक्रम संचालन करते हुए डॉ0 घनश्याम दुबे तथा मंचासीन मा0 अतिथिगण।*






*स्वागत गीत प्रस्तुत करती हुई छात्रायें एवं सभागार में उपस्थित अध्ययन केन्द्रों के प्रायार्य एवं समन्वयकगण*

कार्यक्रम का प्रारम्भ निम्नलिखित चरणों में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम माननीया कुलपति जी के क्षेत्रीय केन्द्र आजमगढ़ में आगमन पर आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ0 श्याम दत्त दुबे द्वारा तथा विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात माननीया कुलपति महोदया एवं अन्य अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर आने हेतु सादर आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम माननीया कुलपति महोदया, परीक्षा नियंत्रक एवं प्रभारी क्षेत्रीय केन्द्र निदेशक के द्वारा राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात सभी सम्मानित अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के उपरान्त आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ0 श्याम दत्त दुबे द्वारा माननीया कुलपति महोदया एवं कार्यशाला में आये सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये हुए उनके परिचय को सभागार में उपस्थित सभी द्वारा के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। डॉ0 श्याम दत्त दुबे द्वारा विश्वविद्यालय एक दृष्टि के साथ ही माननीया कुलपति महोदया द्वारा छः माह के कार्यकाल का विस्तृत विवरण भी आजमगढ़ परिक्षेत्र के सभी सम्मानित शिक्षकों, पत्रकारबंधु एवं छात्र छात्राओं के सम्मुख अभिव्यक्त किया गया।





मुक्त चिन्तन

# अतिथि सम्मान





















*माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी*
*को*
*पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह*
*भेंट कर*
*उनका स्वागत करते हुए*
*आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक*
*डॉ0 श्याम दत्त दुबे*
*एवं*
*अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकगण।*



*सभागार में उपस्थित अध्ययन केंद्रों से पधारे अध्यन केंद्रों के प्राचार्य एवं समन्वयक*







*विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह, आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक डॉ0 संजय कुमार सिंह एवं शिवली नेशनल पी.जी. कालेज, आजमगढ़ के उप प्राचार्या डॉ0 मो0 ताहिर को अंगवस्त्र व पुस्तक भेट कर उनका स्वागत करते हुए आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ0 श्याम दत्त दुबे*




*माननीया कुलपति महोदया एवं कार्यशाला में आये सभी का स्वागत करते हुये करते हुए आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ0 श्याम दत्त दुबे*




विश्वविद्यालय के सीका द्वारा तैयार की गई पुस्तक **CONSULTANCY POLICY** का विमोचन करते हुए मा0 अतिथिगण




*अपने विचार व्यक्त करते हुए शिवली नेशनल पी.जी. कालेज, आजमगढ़ के उप प्राचार्या डॉ0 मो0 ताहिर*





मुक्त चिन्तन

# परिचर्चा

परिचर्चा सत्र के विषय के रूप में प्रवेश, पाठ्य सामग्री, परामर्श परीक्षा एवं वित्त पर अध्ययन केन्द्र समन्वयकों से उनके केन्द्र पर आने वाली समस्याओं एवं इन सभी कमियों को कैसे सरलता के साथ निस्तारित किया जा सके। इसके लिए उनसे सुझाव भी मांगे गए। इस परिचर्चा सत्र में अध्ययन केन्द्र समन्वयकों द्वारा उठाए गए बिन्दुओं पर प्रवेश परामर्श एवं पाठ्य सामग्री का निराकरण आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक डॉ0 संजय कुमार सिंह एवं तकनीकी अधिकारी धीरज रावत के द्वारा किया गया तथा परीक्षा संबंधी समस्याओं का निराकरण परीक्षा नियंत्रक श्री डी0पी0 सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ ही वित्त से संबंधित समस्याओं का निदान लेखाकार श्री अवनीश चन्द्रा द्वारा किया गया। परिचर्चा सत्र के दौरान आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र पर माननीया कुलपति महोदया के प्रथम आगमन पर सभागार में उपस्थित सभी विद्वानों ने पूरे जोश के साथ उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा माननीया कुलपति महोदया के प्रति विश्वास व्यक्त किया कि आपके कार्यकाल में यह विश्वविद्यालय एक नवीन एवं नूतन आयाम को स्थापित  कर सकेगा।
































*अपनी समस्या एवं सुझाव देते हुए समन्वयकगण*



श्री डी.पी. सिंह जी




परीक्षा से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करते हुए परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह जी







प्रवेश परामर्श एवं पाठ्य सामग्री से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करते हुए आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक डॉ0 संजय कुमार सिंह







ऑन लाइन प्रवेश से सम्बन्धित एवं वित्त से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करते हुए तकनीकी अधिकारी, धीरज रावत एवं लेखाकार श्री अवननीश चन्द्रा

# अध्यक्षीय उद्‌बोधन

## उच्च शिक्षा के लिए विवि अतिआवश्यक – कुलपति



प्रो0 सीमा सिंह जी

**विश्वविद्यालय ने इसी सत्र से डिजिटल लिटरेसी एवं ऑस्टिम (स्वालीनता) पर प्रमाण पत्र कार्यक्रम शुरू किया है।**

माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबको विश्वास दिलाया कि आपकी समस्याओं का निदान यथाशीघ्र किया जायेगा। माननीया कुलपति महोदया जी ने दूरस्थ शिक्षा के लचीली पद्धति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रासंगिकता एवं पाठय सामग्री की गुणवत्ता इत्यादि बिन्दुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। आपने अध्ययन केन्द्र समन्वयकों का आवाहन किया कि उच्च शिक्षा में नामांकन को बढ़ाने के लिए आप सभी एक सशक्त माध्यम हैं। अतः समाज का हर वर्ग जो उच्च शिक्षा की आकांक्षा रखता हो उसके लिए दूरस्थ शिक्षा एक उपयोगी माध्यम है। आपके स्तर से ही इसे समाज के हर वर्ग को बताने एवं जागरूक करने की आवश्कता है। अतः सभी अध्ययन केन्द्र समन्वयक, छात्रों को अधिकाधिक प्रवेश हेतु प्रेरित करें।



**अध्ययन केन्द्र समन्वयक उच्च शिक्षा में नामांकन को बढ़ाने के लिए एक सशक्त माध्यम है।**



प्रो0 सीमा सिंह जी



प्रो. सीमा सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज ने गुणवत्ता सुनिश्चियन हेतु प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्यवाही हेतु विश्वविद्यालय चार्टर का क्रियान्वयन किया है। कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट को स्टूडेन्ट फ्रैन्डली बनाया गया है। शिक्षार्थी सहायता सेवा के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शिक्षार्थियों का कोना (स्टुडेन्ट कार्नर) निर्धारित किया गया है जिसमें हर तरह की जानकारियां उपलब्ध है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देते हुये सभी विषयों की वीडियो क्लासेज को ऑनलाइन किया है। लोकप्रिय विषयों की ऑडियो वीडियो रिकार्डिंग का कार्य लगातार चल रहा है। विश्वविद्यालय ने महिला अध्ययन केन्द्र की स्थापना करके ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के द्वारा स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाया है। इसके साथ ही क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ पर परिवार परामर्श केन्द्र की स्थापना की गई है।

कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (CIQA) द्वारा छात्रों की सहायता हेतु (FAQS) पुस्तिका तैयार की गयी है। इस पुस्तिका में अक्सर पूंछे जाने वाले लगभग 200 प्रश्नों को समाहित किया गया है। जिनमें कोर्स अप्रूवल से लेकर प्रवेश स्टडी मैटेरियल असाइनमेन्टस, काउन्सिलिंग, क्रेडिट सिस्टम, परीक्षा, प्रोजेक्ट कार्य, प्लेसमेन्ट, विश्वविद्यालय कैम्पस तथा सूचना के स्रोत आदि विषयों को प्रमुखता से रखा गया है। छात्रों की सुविधा के लिए इस पुस्तिका को विश्वविद्यालय की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लूडॉटयूपीआरटीओयूडॉटएसीडॉटइन पर ऑनलाइन कर दिया गया है। छात्रों के मन में उठने वाले अधिकांश प्रश्नों का जवाब इस पुस्तिका में दिया गया है। यह पुस्तिका विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले प्रदेश के छात्र छात्राओं के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने जेल में बंद कैदियों को मुख्य धारा में वापस लाने के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए है और प्रदेश की जेलों में आशा के अनुरूप कैदियों ने प्रवेश लिये हैं। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने कोरोना काल में ऐसे शिक्षार्थी जिनके माता पिता एवं अभिभावक का देहावसान इस महामारी के कारण हुआ, ऐसे नवप्रवेशित शिक्षार्थियों एवं पूर्व से अध्ययनरत शिक्षार्थियों को दो सत्र हेतु निःशुल्क प्रवेश देने की व्यवस्था की है। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने पीएचडी रेग्यूलेशन 2018 के अन्तर्गत प्रवेश कार्य प्रारम्भ कर दिया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से पीएचडी कार्यक्रम पूर्ण कर चुके शिक्षार्थियों की थीसिस को शोधगंगा की बेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय से शैक्षिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के उपरान्त छात्र सरकारी विभागों में सेवायोजित हो रहे है। प्रतिदिन कई विभागों से छात्रों के अंकपत्र सत्यापन हेतु विश्वविद्यालय को भेजे जा रहे हैं। यह विश्वविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि शिक्षार्थी सहायता सेवा एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेश भर के छात्रों का मार्गदर्शन करने के साथ ही विभिन्न शिकायतों का ऑनलाइन निस्तारण का कार्य प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों के पास डिग्री पहुंचाने का कार्य द्रुतगति से कर रहा है इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने डिजीलॉकर में 50 हजार डिग्रियों को अपलोड किया है। पारदर्शी व्यवस्था के अन्तर्गत ई–टेंडरिंग तथा जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय की व्यवस्था लागू की गई है।




*धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आजमगढ़ क्षेत्रीय केन्द्र के प्रभारी निदेशक डॉ0 संजय कुमार सिंह*




*राष्ट्रगान*



# कार्यशाला की कुछ अन्य झलकियां


















# आज

गौरव शाली परंपरा का १०१ वां वर्ष

आज — आजमगढ़




## उच्चशिक्षासे मुक्त शिक्षा अति आवश्यक- वाइसचांसलर

आजमगढ़। समाज मे उच्च शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए तथा उच्च शिक्षितों का प्रतिशत बढाने के लिए मुक्त शिक्षा अति आवश्यक है। उक्त बातें शहर के शिब्ली पीजी कालेज में शनिवार को आयोजित अध्ययन केन्द्र समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला में उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होनें उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए समस्त अध्ययन केन्द्र समन्वयकों व प्राचार्य से आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि उ0 प्र0 राजर्षि ठण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मात्र एक विश्वविद्यालय है जो हर वर्ग हर समाज को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षित करने का माध्यम है। उच्च शिक्षा की आकांक्षा रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए मुक्त विश्वविद्यालय व दूरस्थ शिक्षा एक उपयोगी माध्यम है। अतः समस्त अध्ययन केन्द्र महाविद्यालय को चाहिए कि छात्रों को अधिकाधिक प्रवेश हेतु उन्हें प्रेरित करें। कार्यक्रम में उपस्थित परीक्षा नियंत्रक डा0 डीपी सिंह ने कहा कि परीक्षा की गुणवत्ता बनी रहें। मुक्त विश्वविद्यालय समय से वर्ष में दो बार परीक्षा कराती है। साथ ही समय से छात्र-छात्राओ को परीक्षा परिणाम भी दे दिया जाता है। इसलिए उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय केन्द्र प्रभारी डा0 संजय कुमार सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

---

# अमर उजाला

Azamgarh | Main | 24 | Clip

अमर उजाला | आजमगढ़ | amarujala.com

## उच्च शिक्षा के लिए में विवि अति आवश्यक: सीमा सिंह

संवाद न्यूज एजेंसी

आजमगढ़। उच्च शिक्षा में मुक्त विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की कुलपति सीमा सिंह ने शनिवार को शिब्ली पीजी कालेज में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजर्षि टंडन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कुलपति ने कहा कि उच्च शिक्षितों का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुक्त शिक्षा आवश्यक है। उन्होंने उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए समस्त अध्ययन केंद्र समन्वयको और प्राचार्य से आह्वान किया। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज संपूर्ण उत्तर प्रदेश में मात्र एक विश्वविद्यालय है जो हर वर्ग, हर समाज को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षित करने का माध्यम है। समस्त अध्ययन केंद्र महाविद्यालय को चाहिए कि छात्रों को अधिकाधिक प्रवेश के लिए प्रेरित करें। परीक्षा नियंत्रक डा.डीपी सिंह ने कहा कि परीक्षा की गुणवत्ता बनी रहे। विश्वविद्यालय समय से वर्ष में दो बार परीक्षा कराता है। समय से छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम भी प्राप्त हो जाता है। क्षेत्रीय केंद्र प्रभारी डा.संजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय केंद्र समन्वयक आजमगढ़ डा. श्यामदत्त दुबे ने अतिथियों का परिचय कराया। संचालन डा.घनश्याम दुबे ने किया।



शिबली पीजी कालेज में राजर्षि टंडन विश्वविद्यालय की कार्यशाला में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह को स्मृति चिह्न देते शिक्षक।

---

# दैनिक जागरण

प्रयागराज, रविवार 24 अक्टूबर, 2021

नगर संस्करण

www.jagran.com

निवेश में समय के साथ बढ़ें, पर अपने नियंत्रण में रहें 17 | चुनौतियों के लिए साथ काम करने की जरूरत: पीएम 17

## युवा जागरण

31 जिलों में बनाए गए केंद्रों पर दो पालियों में होंगी पैकेवेस 2021 वार्षिक परीक्षा | 1500 केंद्रों पर नकलविहीन पैकेवेस 2021 वार्षिक परीक्षा के आयोजन ने किए हैं प्रबंध

दैनिक जागरण 10 प्रयागराज, 24 अक्टूबर, 2021 www.jagran.com

**अहम फैसला** मुवि में जनवरी सत्र से दाखिला, बोर्ड आफ स्टडीज के बाद 12 नवंबर को कार्यपरिषद में अंतिम मुहर

## प्रयाग भी जाना जाएगा ज्योतिष-कर्मकांड की पढ़ाई के लिए

जागरण विशेष

गुरुदीप त्रिपाठी • प्रयागराज

ज्योतिष तथा कर्मकांड की पढ़ाई के लिए अब काशी के साथ-साथ प्रयाग भी जाना जाएगा। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय जनवरी-2022 सत्र से दो नए पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। पाठ्यक्रम को बोर्ड आफ स्टडीज से मंजूरी मिल चुकी है। अब 12 नवंबर को प्रस्तावित कार्यपरिषद की बैठक में इस पर अंतिम मुहर लगेगी।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि दोनों नए डिप्लोमा पाठ्यक्रम एक वर्ष के लिए होंगे। इसे संचालित करने की जिम्मेदारी संस्कृत विभाग के पास होगी। पाठ्यक्रम मुख्य परिसर के अलावा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय केंद्रों (प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, आगरा, मेरठ, कानपुर, झांसी, नोएडा, आजमगढ़, गोरखपुर, अयोध्या) व संबद्ध 1300 अध्ययन केंद्रों पर संचालित होंगे।

यह प्रस्ताव विश्वविद्यालय में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता ने रखा था। प्रोफेसर विनोद बताते हैं कि ज्योतिष और कर्मकांड के अध्ययन-अध्यापन का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। प्रत्येक सेमेस्टर में पांच-पांच प्रश्नपत्र होंगे। शिक्षार्थियों को दो सेमेस्टर में 10 प्रश्नपत्र उत्तीर्ण करने के बाद डिप्लोमा मिलेगा। अंतिम प्रश्नपत्र प्रयोगात्मक है। शुक्रवार को कुलपति की अध्यक्षता में हुई बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में पाठ्यक्रम को हरी झंडी दे दी गई। अब 12 नवंबर को प्रस्तावित कार्यपरिषद की बैठक में इस पर मुहर लगने के बाद जनवरी सत्र से दाखिले होंगे। पाठ्यक्रमों में 12वीं उत्तीर्ण ऐसे छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा, जिन्होंने संस्कृत का अध्ययन एक विषय के रूप में अनिवार्य तौर पर किया हो।

### रोजगार के अवसर भी होंगे सुलभ

संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार गुप्ता बताते हैं कि विश्वविद्यालय से ज्योतिष और कर्मकांड की पढ़ाई करने वाले शिक्षार्थियों के लिए रोजगार के अवसर देश ही नहीं विदेशों में भी सुलभ होंगे। सैन्य विभाग में धर्मगुरु की नियुक्ति होती है। इसके लिए ज्योतिष और कर्मकांड का डिप्लोमा प्राप्त करने वालों को वरीयता दी जाती है।



"जनवरी-2022 सत्र से ज्योतिष और कर्मकांड की पढ़ाई होगी। बोर्ड आफ स्टडीज ने नए पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी है। अब 12 नवंबर को कार्यपरिषद में इस फैसले पर अंतिम मुहर लगेगी।

– **प्रो. सीमा सिंह**, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय

****

News Letter
# मुक्त चिन्तन
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
मुक्त चिन्तन
25 अक्टूबर, 2021



## योजना बोर्ड की 37वीं बैठक आयोजित

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की योजना बोर्ड की 37वीं बैठक दिनांक 25 अक्टूबर, 2021 को अपराह्न 03:00 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह जी ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।





*माननीया कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह जी*

*योजना बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करती हुई मा0 कुलपति जी एवं उपस्थित मा0सदस्यगण।*

बैठक में प्रो0 बी.जी. सिंह, कुलपति, पं0 सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़, विलासपुर, प्रो0 अभिजीत सिंह, प्रबन्धन शास्त्र संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रो0 बी.एन. सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो. आशीष सक्सेना, अध्यक्ष समाजशस्त्र, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज, श्री नील रत्न सिंह, एग्वेट फूड एण्ड फीड्स, गोरखपुर, प्रो0 ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 रूचि बाजपेई आचार्य, हिन्दी, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 विनोद कुमार गुप्ता, आचार्य, संस्कृत, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ0 साधना श्रीवास्तव, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं प्रो0 पी.पी. दुबे, कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज (ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन) प्रतिभाग किये।






*योजना बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करती हुई मा0 कुलपति जी एवं उपस्थित मा0सदस्यगण।*

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम न पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ   माह :

मुक्त चिन्तन

26 अक्टुबर, 2021



## मुविवि ने ग्रामीण महिलाओं को कराया बैंक और डाकघर का भ्रमण





### राज्यपाल के निर्देश पर महिलाओं को जागरूक करने का उठाया बीड़ा



## उपयोगी बचत योजनाओं में निवेश के लिए किया प्रेरित

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के महिला अध्ययन केंद्र ने मंगलवार को ग्राम गोहरी, विकास खंड सोरांव की महिलाओं को बैंक तथा डाकघर आदि की कार्यविधि का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए शान्तिपुरम में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा तथा डाकघर का भ्रमण कराया। महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो0 रुचि बाजपेई ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भ्रमण कार्यक्रम में महिलाओं को बैंक में बचत खाता, पास बुक, चेक, चेक बुक, रिकरिंग डिपॉजिट, फिक्स डिपॉजिट, बालिकाओं हेतु सरकारी बचत योजनाओं आदि की जानकारी दी गयी। ग्रामीण महिलाओं को बैंक के वातावरण का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। प्रोफेसर बाजपेई ने बताया कि इसी प्रकार, डाकघर में भ्रमण के माध्यम से डाकघर के कार्यों का व्यावहारिक ज्ञान तथा डाकघर की अल्प बचत योजनाओं, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए उपयोगी बचत योजनाओं आदि की जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई तथा सदस्य डॉ. श्रुति, डॉ. मीरा पाल एवं डॉ. साधना श्रीवास्तव ने ग्रामीण महिलाओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से बचत योजनाओं में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। महिला अध्ययन केंद्र समन्वयक प्रोफेसर बाजपेई ने इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक एवं डाकघर के पोस्टमास्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने विश्वविद्यालय की इस पहल की हार्दिक सराहना की तथा कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह द्वारा महिला हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों को समाज हित के लिए उपयोगी बताया। इस कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को विश्वविद्यालय की मानवकी विद्याशाखा का भी भ्रमण कराया गया और विभाग में डॉ0 सत्यपाल तिवारी, निदेशक मानविकी का मार्गदर्शन भी उन्हें प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सर्वश्री राम लखन,शीतल, अजय, मुन्ना राम आदि भी सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।





गोहरी ग्राम की महिलाओं को थाना, फाफामऊ और विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय मुख्यालय के शांतिपुरम स्थित बैंक तथा डाकघर का भ्रमण कराया गया। थाना फाफामऊ में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा गोरी गांव की महिलाओं को घरेलू शोषण व अत्याचार के खिलाफ जागरूक किया गया तथा महिलाओं संबंधी अधिकारों 1090, 112, 181, 1098, 102 तथा 108 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा यूपीआरटीओयू के शाखा प्रबंधक श्री के के तिवारी द्वारा अन्य उक्त जानकारी के अलावा महिला स्वयं सहायता समूह के सामूहिक खाते की क्रिया विधि के विषय में भी महिलाओं को जानकारी दी गई ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। डाकघर अधीक्षक श्री हरिपाल सिंह जी ने महिलाओं को डाकघर बचत योजनाओं जैसे रिकरिंग डिपॉजिट तथा सुकन्या समृद्धि योजना के साथ-साथ डाक जीवन बीमा पीएलआई तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा आरपीएलआई के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी।









थाना उपनिरीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह , गोहरी के ग्राम प्रतिनिधि श्री शिवपूजन जी, डाकघर अधीक्षक तथा बैंक प्रबंधक को महिला अध्ययन केन्द्र की ओर से ब्रोशर, पैम्फलेट, पेन आदि से युक्त फोल्डर भी सम्मानार्थ भेंट किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी एवं प्रसार हेतु विवरणिकाएं भी वितरित की गईं।



थाना फाफामऊ में महिला पुलिस कर्मियों सपना सिंह एवं पूनम सरोज ने महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।



मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
हम न पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ
माह :
मुक्त चिन्तन
26 अक्टुबर, 2021


# मुक्त विश्वविद्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

## कुलपति, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



*मॉ0 सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्‌घाटन करती हुई मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी तथा साथ में लायंस क्लब के सदस्यगण*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में लायंस क्लब इलाहाबाद सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रारंभ में शिविर के संयोजक प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता ने कुलपति एवं लायंस क्लब के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर डॉ आरबी गुप्ता व डॉ आरके द्विवेदी के कुशल निर्देशन में उनके सहयोगी टीम के सदस्य आदर्श सिंह, नितिन ठाकुर व रोहन सिंह के द्वारा ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन स्तर, खून की जांच, थायराइड, कोलेस्ट्रोल, शुगर, क्रिटिनिन, लिपिड प्रोफाइल तथा बॉडी कंपोजिशन एनालाइजर मशीन द्वारा पूरे शरीर की जांच की गई। जिसमें शरीर में वाटर लेवल, मिनिरल कंटेंट, मसल्स, टोटल बॉडी फैट, बीएमआर और कैलोरीज आदि की मात्रा का पता चल सका।




विश्वविद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर पी पी दुबे, प्रोफेसर ओम जी गुप्ता, प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी, प्रोफेसर पीके पांडे, प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर रुचि बाजपेई, प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता, इंजी. सुखराम माथुरिया आदि शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

इस अवसर पर लॉयन सुधा बहादुर, लॉयन सीमा गुप्ता, लॉयन पुष्पा गुप्ता, लॉयन डॉ आनंद श्रीवास्तव, लॉयन बी एम सिंह, लॉयन उर्मिला श्रीवास्तव, लॉयन अनुरागिनी व लॉयन डॉ विनोद कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।











*कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो0 विनोद कुमार गुप्ता*

# कोरोना कॉल में हर व्यक्ति का जीवन बहुत तनाव में गुजरा : प्रो0 सीमा



इस अवसर पर आयोजित समारोह का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कहा कि कोरोना कॉल में हर व्यक्ति का जीवन बहुत तनाव में गुजरा, ऐसे में कई बीमारियों ने उन्हें घेर लिया। विश्वविद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सभी लोग अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर अपनी दिनचर्या में परिवर्तन लाएं।





प्रो0 सिंह ने लायंस क्लब के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि वह अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कर रहा है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने आशा व्यक्त की कि अगली कड़ी में लायंस क्लब विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांवों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा।













स्वास्थ्य शिविर में अपना परीक्षण कराती हुई मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी।





स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी देती हुई लायंस क्लब की सदस्या।

स्वास्थ्य शिविर में अपना–अपना परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण



स्वास्थ्य शिविर में अपना–अपना परीक्षण कराते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण


































मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी को लायंस क्लब का बैच लगाती हुई लायंस क्लब, प्रयागराज के सदस्यगण



# टंडन मुक्त विवि में एमबीए-एमसीए में प्रवेश आज से

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि, प्रयागराज में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश के लिए अभा तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा हरी झंडी मिल गई है। विवि की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि यूजीसी द्वारा नए दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में विश्वविद्यालय ने उन सभी शर्तों को पूरा करने के उपरांत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है।

राज एक्सप्रेस समाचार पत्र
भोपाल, मध्य प्रदेश
गुरुवार 28 अक्टूबर 2021

---

लखनऊ, बुधवार, 27 अक्टूबर 2021
जनसंदेश टाइम्स
परख सच की
लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी एवं प्रयागराज से प्रकाशित

# विश्वविद्यालय में एमबीए-एमसीए में प्रवेश आज से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा हरी झंडी मिल गई है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नए दिशा निर्देशों के अनुक्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनापत्ति लिया जाना आवश्यक कर दिया गया था। विश्वविद्यालय ने उन सभी शर्तों को पूरा करने के उपरांत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। प्रोफेसर सिंह ने एआईसीटीई से अनापत्ति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुवार से विश्वविद्यालय मुख्यालय में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

---

समय से पहले 'समय' पर नजर
न्यायाधीश
प्रयागराज,गुरुवार 28 अक्टूबर, 2021

# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में एमबीए-एमसीए में प्रवेश आज से

प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा हरी झंडी मिल गई हैं।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नए दिशा निर्देशों के अनुक्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनापत्ति लिया जाना आवश्यक कर दिया गया था। विश्वविद्यालय ने उन सभी शर्तों को पूरा करने के उपरांत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। प्रोफेसर सिंह ने एआईसीटीई से अनापत्ति मिलने पर प्रसनन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुवार से विश्वविद्यालय मुख्यालय में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट से दोनों पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एआईसीटीई के निर्देशानुसार 2021-22 में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा।

प्रवेश के इच्छुक छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी कल से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करा सकते है।

---

समाचारपत्र
अनुराग दर्शन



# टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में एमबीए-एमसीए में प्रवेश आज से

**प्रयागराज (अनुराग दर्शन समाचार)।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा हरी झंडी मिल गई है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नए दिशा निर्देशों के अनुक्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनापत्ति लिया जाना आवश्यक कर दिया गया था। विश्वविद्यालय ने उन सभी शर्तों को पूरा करने के उपरांत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। प्रोफेसर सिंह ने एआईसीटीई से अनापत्ति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुवार से विश्वविद्यालय मुख्यालय में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट से दोनों पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एआईसीटीई के निर्देशानुसार 2021-22 में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी कल से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करा सकते हैं।

---

अमर उजाला

# मुक्त विवि में एमबीए और एमसीए में प्रवेश आज से

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में नए सत्र 2021-22 में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और मास्टर आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने हरी झंडी दे दी है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार से विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। प्रवेश प्रभारी डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव के मुताबिक दोनों पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एआईसीटीई के निर्देशानुसार 2021-22 में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी अपना पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट पर सुनिश्चित करा सकते हैं। छात्र-छात्राओं की अर्हता की जांच के बाद उन्हें प्रवेश दे दिया जाएगा। संवाद

---

हिंदी दैनिक
इलाहाबाद एक्सप्रेस
सच का आधार

# मुक्त विवि में एमबीए-एमसीए में प्रवेश की मिली अनुमति, प्रवेश प्रारम्भ

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा हरी झंडी मिल गई है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नए दिशा निर्देशों के अनुक्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा अनापत्ति लिया जाना आवश्यक कर दिया गया था। विश्वविद्यालय ने उन सभी शर्तों को पूरा करने के उपरांत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि 28 अक्टूबर से विश्वविद्यालय मुख्यालय में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाएगी।

प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट से दोनों पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एआईसीटीई के निर्देशानुसार 2021-22 में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी गुरुवार से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करा सकते हैं।

---

प्रयागराज, गुरुवार
28 अक्टूबर, 2021
दैनिक जागरण
www.jagran.com
युवा जागरण
दैनिक जागरण
प्रयागराज, 28 अक्टूबर, 2021
www.jagran.com



# एमबीए और एमसीए में आज से सीधे प्रवेश

**दाखिले की दौड़**

**जासं, प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से नए सत्र 2021-22 में मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और मास्टर आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) में दाखिला लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। कोरोना के चलते अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के दिशा-निर्देश के बाद छात्र-छात्राओं को पिछली बार की तरह प्रवेश से छूट दे दी है।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि यूजीसी की तरफ से नए दिशा निर्देशों के अनुक्रम में एआइसीटीई से अनापत्ति लेना आवश्यक था। गुरुवार से विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होगी। प्रवेश प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया कि वेबसाइट से दोनों पाठ्यक्रमों के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।एआइसीटीई के निर्देशानुसार 2021-22 में एमबीए एवं एमसीए में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक छात्रों को योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी अपना पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट पर सुनिश्चित करा सकते हैं। छात्र-छात्राओं की अर्हता की जांच करने के बाद उन्हें प्रवेश दे दिया जाएगा।

News Letter
# मुक्त चिन्तन
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
मुक्त चिन्तन
29 अक्टुबर, 2021

## मुविवि में निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता



## सरदार पटेल के जन्मदिन पर होगी एकता दौड़

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर 2021को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाए जाने के क्रम में सरस्वती परिसर में आज निबंध/ वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के मानविकी विद्याशाखा एवं क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनेक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु दुबे, द्वितीय स्थान प्रमोद मिश्रा व तृतीय स्थान राज गुप्ता को प्राप्त हुआ, जबकि अभिषेक यादव तथा अभिषेक कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी प्रकार वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु दुबे, द्वितीय स्थान राजकुमार गुप्ता व तृतीय स्थान शिवानी अग्रवाल को प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो० सीमा सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। निदेशक मानविकी विद्याशाखा, प्रो० सतपाल तिवारी ने कुलपति का स्वागत किया

इस अवसर पर प्रो० पी पी दुबे, प्रो० जी एस शुक्ल, प्रो० सतपाल तिवारी, प्रो० विनोद कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह, डॉ० साधना श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक सिंह, डा०अतुल कुमार मिश्रा, डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह व राजेश गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० अब्दुल रहमान ने किया।

कुलसचिव डॉ पी पी दुबे ने बताया कि इसी क्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह 9:00 बजे विश्वविद्यालय के गंगा परिसर से सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह एकता दौड़ का आयोजन किया गया है।















कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रो0 जी.एस. शुक्त, निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा एवं प्रो0 सतपाल तिवारी, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा तथा निबन्ध/बाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए छात्र एवं छात्रायें।



माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी को अपना–अपना परिचय देते छात्र एवं छात्रायें तथा उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण






कार्यक्रम के बारे में बताते हुए, मानविकी विद्याशाखा के ए निदेशक, प्रो0 सतपाल तिवारी





छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी तथा साथ में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण







*छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह*

# मुक्त विश्वविद्यालय में नए सत्र की विवरणिका का कुलपति ने किया विमोचन




*नए सत्र की विवरणिका का विमोचन करती मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिह जी तथा विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण*

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र 2021- 22 की सूचना विवरणिका का विमोचन शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस कालखंड में विश्वविद्यालय में छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर वर्ष पर्यंत प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी ने समूचे शैक्षिक जगत को नए संदर्भों में देखने के लिए बाध्य कर दिया है, जिसकी परिणति ऑनलाइन शिक्षा की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में परिलक्षित हो रही है।

इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के लोकप्रिय शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रति लोगों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ पीपी दुबे, वित्त अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj



मुक्त चिन्तन

29 अक्टुबर, 2021

## क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन









उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के द्वारा बी एन एस गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 18 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा आंचल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ममता यादव एवं तृतीय स्थान पर रजनी यादव ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता का संचालन क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ शशि भूषण राम त्रिपाठी ने किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सोनी स्वर्णकार ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती जी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर किया । प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। छात्राओं ने प्रतियोगिता के विषय में कहा कि हमें सरदार बल्लभभाई पटेल जी के बारे में बहुत सा ज्ञान प्राप्त हुआ,जिसे हम अपने आस पास के लोगों को भी अवगत करायेगें

# प्रतियोगिता में प्रियांशु दुबे को प्रथम स्थान

## मुक्त विवि के क्षेत्रीय कार्यालय में निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित सरदार पटेल के जन्मदिन पर होगी एकता दौड़



विजयी प्रतिभागियों के साथ कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह।

**प्रयागराज।** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय फाफामऊ प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र और मानविकी विद्याशाखा के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती परिसर में निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयक डा अभिषेक सिंह की देखरेख में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशु दुबे को प्रथम स्थान प्रमोद मिश्रा को द्वितीय स्थान एवं राजकुमार गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि अभिषेक यादव और अभिषेक कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। इसी तरह वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रियांशु दुबे को प्रथम राजकुमार गुप्ता को द्वितीय और शिवानी अग्रवाल को तृतीय स्थान मिला है। विजयी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रो सतपाल तिवारी ने कुलपति प्रो सीमा सिंह का स्वागत किया। कुलसचिव डा पी पी दुबे ने बताया कि इसी क्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह 9 बजे विश्वविद्यालय के गंगा परिसर से सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह तक एकता दौड़ का आयोजन होगा। इस मौके पर कुलसचिव प्रो पी पी दुबे वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह प्रो जी एस शुक्ला मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रो सतपाल तिवारी प्रो रुचि बाजपेई प्रो विनोद कुमार गुप्ता डा साधना श्रीवास्तव क्षेत्रीय समन्वयक डा अभिषेक सिंह डा अतुल मिश्रा डा शिवेन्द्र प्रताप सिंह और डा राजेश गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा अब्दुल

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, शनिवार 30 अक्टूबर 2021

## नए सत्र की विवरणिका का कुलपति ने किया विमोचन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, **प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, के सत्र 2021-22 की सूचना विवरणिका का विमोचन शुक्रवार को कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस कालखंड में विश्वविद्यालय में छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर वर्ष पर्यंत प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी ने समूचे शैक्षिक जगत को नए संदर्भों में देखने के लिए बाध्य कर दिया है, जिसकी परिणति ऑनलाइन शिक्षा की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में परिलक्षित हो रही है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ पीपी दुबे, वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, प्रोफ़ेसर सत्यपाल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

• वर्ष : 14
• अंक : 268
• प्रातः कालीन संस्करण
• लखनऊ
• शनिवार, 30 अक्टूबर 2021
• पृष्ठ : 12
• मूल्य : 3 रुपए
www.tijaratnews.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तिजारत

## विश्वविद्यालय में नए सत्र की विवरणिका का कुलपति ने किया विमोचन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र 2021-22 की सूचना विवरणिका का विमोचन शुक्रवार को कुलपति प्रोफ़ेसर सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस कालखंड में विश्वविद्यालय में छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर वर्ष पर्यंत प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी ने समूचे शैक्षिक जगत को नए संदर्भों में देखने के लिए बाध्य कर दिया है, जिसकी परिणति ऑनलाइन शिक्षा की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में परिलक्षित हो रही है।इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के लोकप्रिय शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रति लोगों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। कुलसचिव डॉ पीपी दुबे, वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव, प्रोफ़ेसर सत्यपाल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

वर्ष: 31, अंक: 145
वाराणसी, शनिवार
30 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ: 8
मूल्य: ₹3
काशीवार्ता
kashivarta.com kashivartalive.in

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनेगा सरदार पटेल का जन्म दिवस

### मुविवि में निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

प्रयागराज। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर 2021को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर सरस्वती परिसर में निबंध/ वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के मानविकी विद्या शाखा एवं क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में अनेक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु दुबे, द्वितीय स्थान प्रमोद मिश्रा व तृतीय स्थान राज गुप्ता को प्राप्त हुआ, जबकि अभिषेक यादव तथा अभिषेक कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला।इसी प्रकार वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु दुबे, द्वितीय स्थान राजकुमार गुप्ता व तृतीय स्थान शिवानी अग्रवाल को प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो॰ सीमा सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। निदेशक मानविकी विद्या शाखा, प्रो॰ सतपाल तिवारी ने कुलपति का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो॰ पी पी दुबे, प्रो॰ जी एस शुक्ल, प्रो॰ सतपाल तिवारी, प्रो॰ विनोद कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह, डॉ॰ साधना श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक सिंह, डा॰अतुल कुमार मिश्रा, डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह व राजेश गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ अब्दुल रहमान ने किया।

वर्ष: 31, अंक: 145
वाराणसी, शनिवार
30 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ: 8
मूल्य: ₹3
काशीवार्ता
kashivarta.com kashivartalive.in

## नए सत्र की विवरणिका का कुलपति ने किया विमोचन



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र 2021-22 की सूचना विवरणिका का विमोचन शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस कालखंड में विश्वविद्यालय में छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर वर्ष पर्यंत प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी ने समूचे शैक्षिक जगत को नए संदर्भों में देखने के लिए बाध्य कर दिया है, जिसकी परिणति ऑनलाइन शिक्षा की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में परिलक्षित हो रही है।इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के लोकप्रिय शैक्षणिक कार्यक्रमों के प्रति लोगों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीपी दुबे, वित्त अधिकारी अजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रवेश प्रभारी डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव, प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

मुक्त चिन्तन

31 अक्टुबर, 2021






सरदार वल्लभ भाई पटेल

राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार

राष्ट्रीय एकता दिवस

एकता के लिए दौड़

आज़ादी का अमृत महोत्सव



## मुक्त विश्वविद्यालय में चला सफाई अभियान, लगायी दौड़

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में रविवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सीमा सिंह के निर्देशन में सफाई अभियान एवं राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कैंपस में सफाई अभियान चलाया तथा विश्वविद्यालय के गंगा परिसर से सरस्वती परिसर तक एकता दौड़ में प्रतिभाग किया।



# सफाई अभियान















## राष्ट्रीय एकता दौड










राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर दौड़ते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।






इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने कहा कि हमें सरदार बल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में नैक टीम की विजिट के परिपेक्ष्य में कहा कि विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए। इसमें हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। जो भी अच्छे कार्य हो रहे हैं, वह सामने दिखाई पड़ने चाहिए

इस अवसर पर प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल, प्रो0 रुचि बाजपेई, प्रो0 विनोद कुमार गुप्ता, इंजी0 सुखराम माथुरिया, डॉ0 संजय सिंह आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्रों पर मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

## क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ






उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्व विद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ पर दिनांक 28 ,29 व 30अक्टूबर 2021 से लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है। एकता दिवस के इस कार्यक्रम में लखनऊ जेल के शिक्षक श्री मुकेश जी सहित छात्र छात्राये अभिभावक उपस्थित रहे।छात्रों द्वारा सरदार पटेल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार साझा किए गए।छात्रों ने संक्षिप्त लेख भी लिखे।सभी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर संकल्प भी लिया -"हमारी एकता हमारा विकास"
इस अवसर पर लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र के समस्त कर्मचारी व छात्रों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी जयंती व राष्ट्रीयएकता दिवस के बैनर व पोस्टर के साथ वृंदावन योजना 10 A में पदयात्रा भी निकली। छात्रों को उत्साहवर्धन हेतु इनाम भी दिया गया।

## क्षेत्रीय केन्द्र आजमगढ़



## क्षेत्रीय केन्द्र बरेली



## क्षेत्रीय केन्द्र झाँसी



## क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर










रामस्वरूप ग्रामोद्योग पी जी कालेज पुखरायां कानपुर देहात s 223 में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन NSS के साथ मिलकर किया गया। इस दौरान शपथ दिलाने के साथ ही सादर बल्लभ भाई पटेल जी के यशस्वी जीवन पर उद्बोधन भी रहा।

## क्षेत्रीय केन्द्र आगरा










उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्व विद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र आगरा पर दिनांक 31अक्टूबर 2021 को  लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी  की जयंती को  राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया |  एकता दिवस के इस कार्यक्रम में छात्र  छात्राये द्वारा निबंध नाटक एवं कला की प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया गया|छात्रों द्वारा सरदार पटेल जी  के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार साझा किए गए| सभी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर संकल्प भी लिया | कार्यक्रम में डॉ रेखा सिंह डॉ मुकेश वशिष्ठ रवि अरुण विशाल सीमा गीता आलोक एवं अन्य उपस्थित रहे|

## क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा

आज  30 अक्टूबर 2021 को  क्षेत्रीय कार्यालय नोएडा में वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।  वाद-विवाद प्रतियोगिता में  क्षेत्रीय केन्द्र में एम.ए. (भूगोल) प्रथम वर्ष में पंजीकृत छात्र अनुपम  कुमार ने प्रथम स्थान तथा भाषण प्रतियोगिता में पूर्व छात्रा (बीए) साक्षी मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । क्षेत्रीय केन्द्र नोएडा की ओर से सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया ।








31 अक्टूबर 2021 को क्षेत्रीय कार्यालय , प्रेरणा मीडिया सेक्टर -62 नोएडा में भारत की आज़ादी में अपना अहम् योगदान और भारत को एकसूत्र में बांधने वाले लौह पुरुष पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती समारोह , राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई | लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए , राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में एक चर्चा और चिंतन का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का  क्षेत्रीय समन्वयक और कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. कविता त्यागी की तरफ से किया गया | इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती अनीता चौधरी जी , मुख्य अतिथि एडवोकेट श्रीमती उषा श्रीनिवास  जी तथा अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के संयुक्त प्रांत प्रचार प्रमुख श्री कृपा शंकर जी रहे । मंच का सफल संचालन श्रीमती शुभ्रा दीक्षित ने किया ।  डॉ. कौर , सुरभि जी , अनीता सिंह जी , साक्षी मिश्रा जी , श्रीमती आदर्श जी , श्री वीरेंद्र जी , श्री रवि श्रीवास्तव जी आदि के साथ अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे । इस चर्चा में भारत को एकसूत्र में बांधने और देश की एकता में लौह पुरुष के अहम् योगदान को आज के सन्दर्भ से जोड़ते याद किया गया | भाई कृपा शंकर जी ने जहाँ सरदार वल्लव भाई पटेल के व्यक्यित्व से किन किन बातों को सिखते हुए व्यक्ति निर्माण की तरफ अग्रसर रहने की बात कही वहीं मुख्या वक्ता अनीता अनीता चौधरी ने बल्लव भाई पटेल की  ज़िन्दगी सर जुड़े कई अनछूए , अनकही पहलू पर रौशनी डाला |

